पी एम **केंद्रीय विद्यालय , सीतापुर**

**अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2025-26(**प्रथम पाली**)**

**कक्षा - छठी**

**विषय -हिंदी**

**समय -150 मिन**ट।

अंक **- 60**

नोट **-** शुद्धता पर विशेष ध्यान दें ।

प्रश्न 1.- - निम्न गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ------

अपठित गद्यांश

गंगा भारत की सबसे पवित्र नदियों में से एक है। यह हिमालय के गोमुख नामक स्थान से निकलती है। गंगा का जल सदैव शीतल और स्वच्छ रहता है। लोग इसे 'गंगा माँ' कहकर पुकारते हैं। अनेक नगर इसी नदी के किनारे बसे हैं। गंगा का जल पीने से स्वास्थ्य लाभ होता है। गंगा नदी केवल भारतवासियों के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण जीव-जगत के लिए जीवनदायिनी है।

बहुविकल्पीय प्रश्न ----1×4=4

1. गंगा कहाँ से निकलती है?

(क) यमुना से

(ख) गोमुख से

(ग) समुद्र से

(घ) तालाब से

2. लोग गंगा को किस नाम से पुकारते हैं?

(क) गंगा जल

(ख) गंगा माता

(ग) गंगा माँ

(घ) पवित्र नदी

3. गंगा के किनारे क्या बसे हैं?

(क) जंगल

(ख) नगर

(ग) पहाड़

(घ) खेत

4. गंगा का जल पीने से क्या होता है?

(क) रोग बढ़ते हैं

(ख) स्वास्थ्य लाभ होता है

(ग) नींद आती है

(घ) शक्ति कम होती है

लघु उत्तरीय प्रश्न ---2×3=6

5. गंगा को पवित्र नदी क्यों कहा जाता है?

6. गंगा नदी भारतवासियों के लिए क्यों महत्वपूर्ण है?

7. गंगा नदी को जीवनदायिनी  क्यों कहते है?

**प्रश्न 2 नीचे दिए गए काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए।** **(5अंक)**

अपठित पद्यांश

फूलों से महक रहा उपवन,
मधु लेकर आए मधुकर।
तितली नाचे पंख पसारे,
सुंदर लगता यह सारा घर।

1. उपवन किससे महक रहा है?
(अ) पत्तों से
(ब) फूलों से
(स) तितलियों से
(द) वर्षा से

2. मधुकर क्या लेकर आए?
(अ) जल
(ब) मधु
(स) पत्ते
(द) धूप

3. तितली किस प्रकार नाच रही है?
(अ) पंख पसारे
(ब) फूल तोड़े
(स) गीत गाए
(द) आकाश में उड़ते हुए

4. सुंदर क्या लग रहा है?
(अ) बाग़
(ब) सारा घर
(स) सूरज
(द) चाँद

5. इस कविता का उपयुक्त शीर्षक क्या होगा?
(अ) तितली और मधुकर
(ब) सुंदर घर
(स) उपवन की शोभा
(द) फूलों का गीत

**प्रश्न 3 व्याकरण आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(1).** निम्न शब्दों के विलोम लिखिए **--** **3**अंक

अच्छा, अमीर, अंधकार

**(2).** निम्न शब्दों के पर्यायवाची लिखिए **----** **3**अंक

आकाश, धरती, जल

**(3).** निम्न शब्दों के बहुवचन शब्द लिखिए **-----** **3**अंक

लड़का, पुस्तक, कुर्सी

**(4).** **संज्ञा की परिभाषा लिखकर उदा**हरण लिखिए। **2**अंक

**(5).** **निम्न म**ुहावरों का अर्थ बताइए**-----** **3**अंक

क. लट्टू होना। ख. मुख खिल जाना। ग. न्यौछावर कर देना

प्रश्न **4.** रिक्त स्थान की पूर्ति करें **------** **2**अंक

**(क).** रहेगा**.......................**पर दिया एक भी यदि। **(**धरा**, धरती, भूमि)**।

कभी तो निशा को....................मिलेगा। **(**प्रातः**,**सुबह**,** सवेरा**)**।

**प्रश्न 5. मिलकर करें मिलान (4अंक )**

शब्द अर्थ या संदर्भ

**1.** अमावस **1. पूर्णमासी ,** वह तिथि जिस रात चंद्रमा पूरा दिखाई देता है

**2.** पूर्णिमा **2.** विद्युत दिए अर्थात बिजली से जलने वाले दीपक**,** बल्ब आदि उपकरण

**3.**वि‍द्युत **-** दिए **3.** समय **,**काल**,** युग संख्या में चार माने गए हैं **- - - -** सतयुग **,** त्रेता युग**,** द्वापर युग और कलियुग

**4.** युग। **4. अमावस्या ,** जिस रात आकाश में चंद्रमा दिखाई नहीं देता

**प्रश्न 6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिजिए (2x5=10)**

1.लोगों ने मेजर ध्यानचंद को हॉकी का जादूगर कहना क्यों शुरू कर दिया ?

2.'रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो चटकाय '----इस दोहे का भाव लिखिए।

3'.जलाते चलो कविता में किसे जलाने और किसे बुझाने की बात की गई है?

4. "बिहू एक कृषि आधारित त्योहार है। "----कैसे?

5..बाबा भारती ने खड्ग सिंह से कौन सा वचन लिया ?

**प्रश्न 7.** निम्न में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए**----** **5**अंक

(क)**.** प्रातः काल की सैर

**(ख).** मेरी धरती

(ग)**.** विद्यार्थी जीवन और अनुशासन

**प्रश्न 8. अपने विद्यालय के प्राचार्य से बिमारी के कारण अवकाश के लिए प्रार्थनापत्र लिखिए।(5अंक)**

**प्रश्न 9.निम्न चित्र को ध्यान से देखकर एक कहनी की रचना कीजिए।(5अंक)**



**समाप्त**